प्रकरण संख्या—44 / 2020 GCMS ID-2020/00139 तारीख रजु—27.11.2020

# न्यायालय जिला कलक्टर, करौली

पीठासीन अधिकारी श्री सिद्धार्थ सिहाग, आई.ए.एस.

2

1. नजमा पत्नि मो0 आरिफ उर्फ मो0 फारूक जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 34, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
2. मो0 हासिम पुत्र इकबाल उम्र 19 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 01, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
3. साहबुद्दीन पुत्र छोटे खां उम्र 36 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 23, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
4. नाजिया परवीन पत्नि साबुद्दीन उम्र 23 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 27, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
5. सुलेमान पुत्र मो0 रफीक उम्र 24 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 98, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
6. शाहरूख पुत्र तारेश खां उम्र 24 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 99, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
7. सलमान पुत्र तारेश खां उम्र 23 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 102, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
8. मुमताज पत्नि सुलेमान उम्र 23 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 103, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
9. तराना पत्नि तारेश खां उम्र 21 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 105, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
10. फरहान पुत्र मुफीद उम्र 18 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 631, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
11. सोना बानो पुत्री रज्जाक उम्र 21 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 636, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
12. साहिबा बानो पुत्री सलाम उम्र 19 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 637, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
13. रहीशा पत्नि आमीर उम्र 26 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 640, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
14. शबनम बानो पत्नि सलमान उम्र 25 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 642, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)

जिला कलक्टर
करौली

(3)

15. शबाना पत्नि अंसार उम्र 25 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 648, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
16. गुलफ्सा पुत्री उस्मान कुरैशी उम्र 26 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 651, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
17. रानी पुत्री उस्मान उम्र 26 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 652, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
18. आरिफ पुत्र उस्मान उम्र 22 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 655, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
19. साईन पुत्री उस्मान उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 656, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
20. अंसार पुत्र उस्मान उम्र 25 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 657, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
21. इरफान पुत्र उस्मान उम्र 19 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 658, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
22. नजराना पुत्री उस्मान उम्र 23 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 675, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
23. मुफीद पुत्र मजीद उम्र 45 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 462, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)
24. सलीम पुत्र मुफीद उम्र 43 साल जाति मुसलमान निवासी नीलगर वाली गली, वार्ड नं. 41, भाग संख्या 1, क्रम संख्या 463, नगर परिषद हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली (राज.)

– अपीलाण्ट्स

बनाम

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार हिण्डौन तहसील हिण्डौन जिला करौली

– रेस्पोण्डेण्ट

**अपील विरूद्ध आदेश सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार हिण्डौनसिटी बाबत नगरपरिषद हिण्डौन के वार्ड नं. 41 की निर्वाचक नामावली 2020 में दिनांक 23.11.2020 को गलत तौर से किसी के प्रभाव व असर में आकर क्रम संख्या 1, 23, 27, 34, 98, 99, 102, 103, 105, 631, 636, 647, 640, 642, 648, 651, 652, 655, 656, 657, 658, 675, 462, 463 निर्वाचक नामावली से नाम हटाने के विरूद्ध नाम यथावत रखने बाबत्।**

निर्णय दिनांक 01.12.2020

यह अपील राजस्थान नगरपालिका मतदाता पंजीकरण आदेश 1974 की धारा 17 के तहत प्रस्तुत की गई है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि

जिला कलक्टर
करौली

प्रकरण संख्या–44/2020 GCMS ID-2020/00139 तारीख रजु–27.11.2020

अपीलार्थीगण के नाम वार्ड नं. 32 हाल वार्ड नं. 41, नगरपरिषद हिण्डौन की मतदाता सूची से स्थानांतरित/पृथक कर दिये जाने के आदेश के विरुद्ध अपीलार्थीगण द्वारा यह अपील पेश की गई है। (4)

अपील अपीलाण्ट दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी की तलबी जरिये सम्मन नोटिस की गई। प्रत्यर्थी से अपीलोत्तर प्राप्त हुआ जो शामिल पत्रावली किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया।

अपीलार्थीगण द्वारा यह अपील पेश कर निवेदन किया है कि अपीलाण्ट्स वर्तमान में वार्ड नं. 41, नीलगर वाली गली, नगरपरिषद हिण्डौन के मूल निवासी है। अपीलाण्ट्स व उसके परिवारजन के नाम आज भी निर्वाचक नामावली 2020 में मौजूद है। अपीलाण्ट का नाम निर्वाचक नामावली 2020 में क्रम संख्या 1, 23, 27, 34, 98, 99, 102, 103, 105, 631, 636, 647, 640, 642, 648, 651, 652, 655, 656, 657, 658, 675, 462, 463 पर दर्ज है फिर भी चुनाव लडने वाले किसी व्यक्ति के साथ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार हिण्डौन द्वारा साज करके, अपीलाण्ट का नाम वर्तमान वार्ड नं. 41 की मतदाता सूची से हटा दिया है। अपीलाण्ट ने अपने परिवार के साथ अब से पूर्व सभी चुनावों में मौजूदा वार्ड नं. 41 की मतदाता सूची के क्रमांक पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। अपीलाण्ट का नाम वार्ड नं. 41 से हटाकर जिस वार्ड में जोडा गया है, या कही भी नहीं जोडा गया है, उस वार्ड में अपीलाण्ट मामूली तौर पर भी कभी निवास नहीं करता है। अपीलाण्ट द्वारा सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसील हिण्डौन सिटी को अपना नाम वार्ड नं. 41 से अन्यत्र स्थानांतरण करवाने के लिये कभी कोई आवेदन नहीं दिया है, फिर भी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार हिण्डौन सिटी द्वारा निर्वाचक नियमों व कानूनों का उल्लंघन कर अपीलाण्ट का नाम वार्ड नं. 41 से काट दिया है। इसलिये सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी तहसीलदार हिण्डौन का उक्त आदेश दिनांक 23.11.2020 निरस्त कर, अपीलाण्ट का नाम पूर्वानुसार वार्ड नं. 41 की मतदाता सूची में यथावत रखा जाना न्यायसंगत व आवश्यक है, जिसके लिये यह अपील पेश है। अतः अपील अपीलाण्ट पेश कर निवेदन है कि वार्ड नं. 41 नगरपरिषद हिण्डौन की मतदाता निर्वाचक नामावली 2020 में गलत तौर से हटाये गये अपीलाण्ट के दिनांक 23.11.2020 के नाम को उक्त वार्ड की नामावली में यथावत रखे जाने के लिये निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एस0डी0एम0 हिण्डौन सिटी जिला करौली को आदेश प्रदान करने की कृपा करें।

सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी(तहसीलदार), हिण्डौनसिटी ने पत्रांक–चुनाव/2020/16 दिनांक 30.11.2020 से अवगत करवाया है कि जिन मतदाताओं के नाम वार्ड नं. 41 से हटाये गये हैं, उनके विरुद्ध प्रस्तुत किये गये प्ररूप 5 विभिन्न दिनांकों को प्राप्त होने पर प्राप्त प्ररूप 5 की जांच भू.अ.नि. एवं पटवारीगण की तीन सदस्यीय टीम द्वारा करवाई गई थी जिसमें इन व्यक्तियों द्वारा वार्ड नं. 41 में निवास नहीं करने के कारण नियमानुसार आवेदन प्ररूप 5 को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी हिण्डौन द्वारा स्वीकृत कर नियमानुसार वार्ड नंबर 41 की मतदाता सूची में से उक्त नामों को पृथक किया गया है। उक्त नामों को पृथक करने हेतु प्राप्त प्ररूप 5 के आवेदन पत्रों व जांच के अनुसार ही स्वीकार किया गया है। इसमें किसी प्रकार के राजनैतिक दबाब का आक्षेप पूर्णतः असत्य है। इस प्रकार 3 सदस्यीय टीम द्वारा की गई जांच रिपोर्ट के आधार पर ही अपीलाण्ट वार्ड नं. 41 में मामूली तौर पर निवासी नहीं होने के कारण उक्त नाम मतदाता सूची से पृथक/शिफ्ट किये गये हैं जो कि नियमानुसार सही है। अपीलार्थी द्वारा अपील में अंकित तथ्य असत्य होने से अपील खारिज योग्य है।

जिला कलक्टर करौली

पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों का गहनता से अवलोकन कर मनन किया गया। वार्ड नं. 32 नगर परिषद हिण्डौन सिटी का हाल ही परिसीमन किया जाकर वार्ड नं. 41 बनाया गया है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी हिण्डौन की रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अपीलार्थीगण के नाम वार्ड नं. 41 नगर परिषद हिण्डौन से पृथक / शिफ्ट किये जाने हेतु विभिन्न दिनांकों में प्राप्त होने पर तीन सदस्यीय टीम द्वारा अपीलार्थीगण के निवास की जांच करवाई गई है। अपीलार्थीगण के वार्ड संख्या 41 में मामूली तौर पर निवासरत नहीं पाये जाने पर अपीलाण्ट्स का नाम वार्ड नं. 41 नगर परिषद हिण्डौन की मतदाता सूची से पृथक / शिफ्ट किये गये हैं जिनमें किसी प्रकार का राजनीतिक दबाब नहीं रहा है। इस प्रकार अपील सारहीन, तथ्यहीन पायी गई है। अतः हम अपील अपीलाण्ट को खारिज किया जाना उचित समझते हैं।

अतः अपील अपीलाण्ट खारिज की जाती है। निर्णय की प्रमाणित प्रति प्रत्यर्थी को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 01.12.2020 को खुले न्यायालय में लिखवाया जाकर सुनाया गया।

(सिद्धार्थ सिहाग)
जिला कलक्टर
करौली